# Naiduniya

Date: 19 February 10; Page: 22; Edition: Indore

VIGILANCE

# मानो स्टेडियम में बैठे हों...

## सिनेमाघरों में क्रिकेट का मजा



इंदौर। विश्व के सबसे बड़े डिजीटल सैटेलाइट नेटवर्क यूएफओ मूवीज ने दर्शकों को क्रिकेट मैचों का मजा लेने के लिए एक नया मंच उपलब्ध कराया है। क्रिकेट को बढ़ावा देने के उद्देश्य से यूएफओ मूवीज संपूर्ण भारत में मल्टीप्लेक्स व सिंगलस्क्रीन सिनेमाघरों में डीएलएफ आईपीएल 2010 के मैच प्रदर्शित करेगा। यह प्रदर्शन विशाल पर्दे पर हाई डेफीनेशन डिजिटल फार्मेट में बिना किसी व्यावसायिक विज्ञापन के होगा। गुरुवार को यूएफओ मूवीज इंडिया लिमिटेड के सलाहकार चारूहास साटम ने पत्रकारों को बताया कि आईपीएल का जादू कायम रखने के लिए राष्ट्रीय स्तर के चुनिंदा सिनेमा हॉलों में स्टेडियम जैसा माहौल निर्मित किया जाएगा। इन सिनेमाघरों में क्रिकेट से संबंधित वस्तुएँ, स्वादिष्ट नाश्तों के स्टॉल आदि भी होंगे। माहौल को आकर्षक बनाने के लिए विशाल परदे के आस-पास चीयर लीडर्स व लाइव बैंड भी होगा। इंदौर क्षेत्र के 26 सिनेमाघरों ने आईपीएल 2010 के सीधे प्रसारण के लिए करार किया है। इसमें आयनॉक्स सपना-संगीता और सेंट्रल मॉल स्थित आयनॉक्स शामिल हैं।